एक नजर में

काउंसेल पदों की भर्ती के होंगे आवेदन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं लीगल एड डिफेंस काउंसेल एसओपी 2025 के प्रावधानों के अनुरूप तथा नालसा लीगल एड डिफेंस मॉडिफाईड स्कीम 2022 के उपबंधों के अधीन न्यायालय के समक्ष बचाव पक्ष की ओर से नि:शुल्क पैरवी किये जाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में स्थापित कार्यालय लीगल एड डिफेंस काउंसेल में संविदा के आधार पर चीफ 1 पद, डिप्टी चीफ 2 पद एवं असिस्टेंट 3 पद लीगल एड डिफेंस काउंसेल पदों की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है।

आवेदक 12 सितंबर तक आवेदन कर सकते है। आवेदन पत्र एवं गाईड लाईन जिला न्यायालय, टीकमगढ़ की वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड किया जा सकता है एवं विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टीकमगढ़ में संपर्क किया जा सकता है। लीगल एड डिफेंस काउंसेल पदों की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। जिसकी प्रक्रिया शुरू करते हुए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

नपाध्यक्ष ने नजाई मंडी के व्यापारियों से की रायशुमारी

बोले नपाध्यक्ष : किसी भी व्यापारी को नहीं होगी परेशानी

दुकानदारों से 13 बिंदुओं पर नपा ने मांगी जानकारी

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।

शहर की ऐतिहासिक नजाई मंडी को गिराने की योजना को लेकर विवाद दिन प्रतिदिन गहराता जा रहा है। सोमवार को इस मामले को लेकर नगर पालिका के सभा कक्ष में व्यापारियों की एक बैठक बुलाई गई। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने नजाई मंडी से दुकानों का संचालन करने वाले व्यापारियों से उनकी राय जानी साथ ही उन्होंने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि किसी भी व्यापारी को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नजाई मंडी के गेट का रखरखाव करने के लिए मरम्मत का कार्य कराया जाना है। जिससे यह प्राचीन धरोहर अपना नया रूप ले सके।

नपा की बैठक में बताया गया कि 62 दुकानदारों को दुकान खाली करने के नोटिस जारी किए थे। इस पर दुकानदारों ने विरोध जताते हुए हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दी। कोर्ट के निर्देश पर नगर पालिका की अपीलीय समिति ने सोमवार को बैठक बुलाई। इस बैठक में 62 दुकानदारों में से 48 दुकानदार शामिल हुए। बैठक में किराएदारों को नहीं बुलाया गया ।

दुकानदारों ने अपीलीय समिति को पांच बिंदुओं वाला एक पत्र सौंपा। इसमें मांग की गई है कि अगर इमारत गिराई जाती है तो पुनर्निर्माण की समय सीमा तय की जाए। दुकानदारों ने नई दुकानों की लागत उठाने की सहमति दी है, लेकिन यह शर्त रखी है कि नई दुकानें मौजूदा दुकानदारों को ही दी जाएं।

दूसरी ओर नगर पालिका ने दुकानदारों से 13 बिंदुओं पर जानकारी मांगी है। इसमें एग्रीमेंट, किराए की रसीदें और भुगतान का विवरण शामिल है। दुकानदारों ने यह जानकारी देने के लिए चार दिन का समय मांगा है। नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने कहा कि 15 दिन के भीतर हाई कोर्ट में जवाब दाखिल करना है। कोर्ट के आदेश के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

किरायेदारों का कहना है कि नगर पालिका ने सिर्फ 62 दुकानदारों को नोटिस भेजे हैं, जबकि बिल्डिंग में रह रहे आधा दर्जन से ज्यादा परिवारों को नोटिस नहीं दिया गया। जब किरायेदारों ने इस बारे में आवेदन दिया तो नगर पालिका के कर्मचारी ने कहा कि पुरानी फाइलें गायब हैं और रिकॉर्ड मिलने के बाद ही आगे की कार्यवाही होगी। इस समय हाई कोर्ट में सिर्फ 48 दुकानदारों की याचिका पर सुनवाई हो रही है।

आठ वर्ष पहले व्यापारियों ने कराई थी मरम्मत

व्यापारियों का कहना है कि नगर पालिका ने कभी भी बिल्डिंग का जीर्णोद्धार नहीं कराया। करीब 8 साल पहले जब व्यापारियों ने पैसे जोड़कर इमारत की मरम्मत शुरू कराई थी तो नगर पालिका के कर्मचारियों ने सामान जब्त कर लिया था। नोटिस में यह भी स्पष्ट नहीं है कि खाली करने के बाद मरम्मत होगी या पूरी बिल्डिंग गिराई जाएगी। व्यापारियों ने यह भी कहा कि जिस समय हम लोगों ने पैसे जोड़कर मरम्मत कराई थी उस समय परिषद पर दूसरे लोग काबिज थे और आज परिषद का दायित्व दूसरे जन प्रतिनिधि संभाल रहे है जिन्हें हमारी फिक्र है।

सड़क सुरक्षा अभियान बना महाअभियान

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

पुलिस मुख्यालय के दिशा-निर्देशानुसार सोमवार 8 सितम्बर से 22 सितम्बर तक प्रदेशव्यापी सड़क सुरक्षा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं मृत्यु दर में कमी लाना है। जिसका शुभारंभ सोमवार को जिले के सभी थाना एवं चौकियों में किया गया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने बताया कि यह अभियान दंडात्मक ही नहीं बल्कि जन-जागरूकता का महाअभियान है।

जिसके चलते पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराएं, आमजन को जागरूक करें तथा सीमा और मार्गों पर विशेष चेकिंग अभियान संचालित करें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी टीकमगढ़, जतारा के मार्गदर्शन में जिलेभर में सघन एवं औचक चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों पर कठोर चालानी कार्रवाई की गई तथा भविष्य में नियमों के पालन के लिए सौम्य लेकिन दृढ़ समझाइश भी दी गई।

पुलिस ने इस अभियान को केवल दंडात्मक ही नहीं बल्कि जन-जागरूकता का महाअभियान बनाया है।

प्रशस्ति पत्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर स्थानीय सीनियर बेसिक हाई स्कूल में डीपीसी परशुराम त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी आरके पस्तोर ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डाइट से श्री जैन, कन्या संकुल प्राचार्य स्वर्णा जैन, बीआरसी श्री गुप्ता, सीनियर बेसिक प्राचार्य जगदीश दुबे, विकासखंड सह समन्वयक साक्षरता मनोज व्यास उपस्थित रहे। कार्यक्र म के अंत में अक्षर साथियों को प्रशस्ति पत्र और माल्यार्पण कर उनको सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एव दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी ने साक्षरता का हमारे जीवन पर क्या महत्व है, उस पर प्रकाश डाला। डीपीसी ने उपस्थित सभी अक्षर साथी एव बच्चों से अपने आस पास के लोगों को साक्षर करने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम में सभी अतिथियों द्वारा साक्षरता विषय पर अपनी बात रखी। राज्य स्तर से बीडी मजदूर कॉलोनी की अक्षर साथी इकरा बानो, हरिजन बस्ती नारगुडा की प्रभा देवी अहिरवार, पुरानी टेहरी के लोकेंद्र कुशवाहा को राज्य स्तरीय प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पुनरीक्षण 1 जनवरी 2025 की संदर्भ तारीख के आधार पर किया जाएगा। जिन नगरीय निकायों की मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य उप निर्वाचन वर्ष 2025 पूर्वार्ध के लिये किया जा चुका है, उनके लिये यह लागू नहीं होगा।

फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 13 नवम्बर को होगा। फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का नगर पालिका वार्ड और अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 अक्टूबर को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में 8 से 17 अक्टूबर तक दावे-आपत्ति लिये जाएंगे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 27 अक्टूबर तक किया जाएगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का नगर पालिका वार्ड तथा अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 13 नवम्बर 2025 को किया जायेगा। इसी प्रकार जिन ग्राम पंचायतों में मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य उप निर्वाचन वर्ष 2025 पूर्वार्ध के लिये किया जा चुका है, उनके लिये यह कार्यक्रम लागू नहीं होगा। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 13 नवम्बर को होगा। फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का नगर पालिका वार्ड और अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 अक्टूबर को किया जाएगा।

नव साक्षर परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्थाएं जांची

नवभारत न्यूज जतारा।

सोमवार को विकासखंड स्तरीय उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की बैठक जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी आरके पस्तोर के निर्देशानुसार विकासखण्ड समन्वयक साक्षरता राकेश कुमार साहू एवं बीएसी द्वारा जनपद शिक्षा केंद्र जतारा में आयोजित की गई। बैठक में आगामी नव साक्षर परीक्षा आगामी 20 सितंबर के लिए परीक्षा केन्द्रों पर व्यवस्थाओं की जानकारी हासिल की गई।

बैठक में बीएसी उत्तम सिंह पायक द्वारा कार्यक्रम की उपलब्धि की समीक्षा की गयी। इस दौरान अनकवर्ड स्कूलों सून्य उपलब्धि की जानकारी का विवरण, लक्ष्य अनुसार सर्वेक्षण का अंतर, मासिक अवलोकन, सामाजिक चेतना केंद्र, अध्ययन केंद्र एवं मॉडल सामाजिक चेतना केंद्र विकसित करना, अध्ययन केंद्रों पर समस्त आवश्यक सामग्री की उपलब्धता, आगामी नव साक्षर परीक्षा आगामी 20 सितंबर के लिए परीक्षा केन्द्रों पर व्यवस्थाओं का जैसे पेयजल, बैठक व्यवस्था एवं फर्नीचर की उपलब्धता, केंद्रवार परीक्षा में सम्मिलित होने वाले नवसाक्षरों की संख्या की जानकारी ली गई।

बैठक में समस्त संकुल केंद्रों के सहसमन्वयक सहित जनशिक्षक प्रेम नारायण सैनी, रमेश अहिरवार बैरवार, लेखापाल चंद्रपाल अहिरवार, एमआईएस को-ऑर्डिनेटर अनिल अहिरवार, दिनेश यादव एवं लेखापाल प्रदीप गुप्ता उपस्थित रहे।

प्राथमिकता के आधार पर होगा नवीनीकरण

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार जिले में संचालित अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन बालक, कन्या कुल 5 छात्रावासों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विद्यार्थियों को ऑनबोर्डिंग की कार्यवाही की जा रही है। छात्रावास में नवीनीकरण विद्यार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर 10 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से ऑनबोर्ड किया जायेगा।

छात्रावासों में प्रवेश के लिए नवीन विद्यार्थी अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित आवास सहायता योजना का लाभ लेने हेतु विभाग के एमपीटॉस पोर्टल पर बेबसाईड के माध्यम से आवास सहायता योजना के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। नवीनीकरण विद्यार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर 10 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से ऑनबोर्ड किया जायेगा।

शिक्षा को बढ़ावा देने निकाली जागरुकता रैली

नवभारत न्यूज पलेरा।

नगर के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने एकजुट होकर एक विशाल साक्षरता रैली निकाली। जिसमें नगर के जनप्रतिनिधियों सहित पत्रकारों एवं गणमान्य नागरिकों समेत विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह रैली शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने और साक्षरता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

साक्षरता मिशन के समन्वयक पुष्पेंद्र कुमार पाठक ने बताया कि यह आयोजन उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत किया जा रहा था। जिसका उद्देश्य जन-भागीदारी से साक्षरता को व्यापक स्तर पर फैलाने के साथ ही साक्षरता को बढ़ावा देना, शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों से लोगों को अवगत कराना एवं नगर के सभी वार्डो एवं विकासखंड पलेरा के सभी ग्रामों को पूर्ण साक्षर करना इस रैली का मुख्य लक्ष्य था।

जिसमें समूचे नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने मिलकर यह रैली निकाली। बैनर पोस्टर हाथों में थामकर नारे लगाते हुए नगर के मुख्य मार्गों पर प्रदर्शन किया। इस आयोजन को लेकर स्थानीय थाना पुलिस के द्वारा सड़कों पर पुलिस प्रशासन की बेहतर व्यवस्था तैनात की गई। आयोजित रैली में भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुनील खटीक, भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष राजेश नायक, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वर्मा, पार्षद अभय मोर, प्राचार्य महेश रावत, प्यारेलाल अहिरवार, कौशल राजपूत समेत नगर के अनेक शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के संस्था प्रमुख एवं शिक्षक व छात्र एवं छात्राएं सम्मिलित रहे।

दिगौड़ा पुलिस ने देह व्यापार के आरोपी को धरदबोचा

झारखंड में दबिश देकर दिया कार्यवाही को अंजाम

पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में किया पेश

नवभारत,न्यूज टीकमगढ़।

पुलिस प्रशासन इन दिनों सक्रियता के साथ कार्यवाहियों को अंजाम दे रहा है। जिसके चलते दिगौड़ा थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। दिगौड़ा थाना पुलिस ने देह व्यापार के आरोपी को झारखंड से धरदबोचने की कार्यवाही को अंजाम दिया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह सहित जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम के मार्ग दर्शन में दिगौड़ा पुलिस ने की है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना दिगौड़ा के अपराध क्रमांक 200/25, धारा 64(2)(एम), 49, 143, 144 बीएनएस एवं 4(1), 5(1) अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 के फरार आरोपी रामजन्म शर्मा की गिरफ्तारी के लिए थाना प्रभारी दिगौड़ा निरीक्षक मनीष मिश्रा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मुखबिर तंत्र की मदद ली एवं पुलिस टीम ने झारखंड के जिला गढ़वा से आरोपी रामजन्म उर्फ रामजन्म शर्मा पिता परमेश्वर राम पासवान निवासी ग्राम कुशडंड, थाना नगर उंटारी, जिला गढ़वा झारखंड को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को थाना दिगौड़ा लाकर न्यायालय टीकमगढ़ में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। दिगौड़ा थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। दिगौड़ा थाना पुलिस ने देह व्यापार के आरोपी को झारखंड से धरदबोचने की कार्यवाही को अंजाम दिया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह सहित जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम के मार्ग दर्शन में दिगौड़ा पुलिस ने की है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी दिगौड़ा निरीक्षक मनीष मिश्रा, निरीक्षक बृजेन्द्र कुमार चाचोंदिया थाना प्रभारी लिधौरा, सहायक उप निरीक्षक सुकरत राय थाना लिधौरा, प्रधान आरक्षक आनन्द सुडेले तथा आरक्षक अंकित साहू शामिल रहे। इस कार्यवाही के लिए एसपी ने अपनी पुलिस को धन्यवाद दिया।

बैठक कलेक्टर ने ई-केवाईसी की प्रगति पर किया विशेष फोकस

टीएल बैठक में विभागवार योजनाओं की समीक्षा

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

प्रत्येक सोमवार की तरह इस सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समयसीमा यानि टीएल की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने करते हुए विभागवार चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही सभी अधिकारी कर्मचारियों को बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

सोमवार को आयोजित टीएल की बैठक कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न कराई गई। बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने सेवा पखवाड़ा अभियान, वित्त वर्ष 2023-24 में स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन, सीएम हेल्पलाइन, सीएम समाधान, कोर्ट प्रकरण, अवमानना प्रकरण,आयुष्मान भारत योजना,विभिन्न विभागों के अंतर्गत ई-केबाईसी की प्रगति, सीएम डेस बोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं की समीक्षा, टीएल पत्रों पर की गई कार्यवाही एवं विगत टीएल बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की। वहीं उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णयों में दी गई समयसीमा में अभ्यावेदनों का समयसीमा में निराकरण, पंजी का संधारण सहित राजस्व अधिकारी की जानकारी में कार्यवाही की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की आयुष्मान भारत योजना एवं खाद्य विभाग की ई-केवायसी अभियान की समीक्षा करते हुए एक सप्ताह में प्रगति लाने तथा एक सप्ताह में पुन: अभियान की समीक्षा करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि आज मंगलवार को टीकमगढ़ तहसील में जिला मुख्यालय पर आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में सभी संबंधित विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का निराकरण प्राथमिकता से जनहित में एवं समय-सीमा में किया जाना सुनिश्चित करें।

बैठक में कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने सीएम हेल्पलाइन में विभागवार लंबित शिकायतों का बारीकी से अवलोकन कर न्यून प्रदर्शन करने वाले विभागों को सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कोर्ट प्रकरण, अवमानना प्रकरण, विभिन्न विभागों के अंतर्गत ई-केवाईसी की प्रगति, लोक सेवाओं के प्रदाय के गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा में लंबित प्रकरणों, विभिन्न आयोगों, लोकायुक्त कार्यालय से प्राप्त पत्रों के उत्तर भेजने, टीएल पत्रों पर कार्यवाही की जानकारी ली।

समय सीमा की बैठक में इन अधिकारियों ने लिया भाग

सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के अलावा जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम टीकमगढ़ संस्कृति मुदित लटौरिया, बल्देवगढ़ एसडीएम भारतीदेवी मिश्रा, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सड़क दुर्घटना में घायल को पहुंचाई मदद

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

झांसी मार्ग पर स्थित दिगौड़ा थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में युवक घायल हो गया। जिसकी स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। दिगौड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा डायल 112 की टीम के साथ मौके स्थल पर पहुंचे।

जानकारी के अनुसार घटना तहसील कार्यालय के सामने हुई। जिसमें सुरेन्द्र सेन पुत्र जयराम सेन घायल हो गए। घटना में उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। स्थिति नाजुक होने के कारण तत्काल उपचार की जरूरत थी। डायल 112 की एफआरवी टीम ने घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। समय पर इलाज मिलने से युवक की जान बच गई। थाना प्रभारी ने बताया कि डायल 112 एक आपातकालीन सेवा है। यह केवल कॉल रिस्पॉन्स नहीं, बल्कि जीवनरक्षक सेवा है। संकट के समय लोगों की सुरक्षा और जीवन रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहती है। पीड़ित की हालत में सुधार होने के बाद घटना की जांच की जाएगी।

योजना के तहत कृषि सखियों को प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

जिले में संचालित नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना के तहत जिले में बनाये गये प्राकृतिक खेती के 25 क्लस्टर में चयनित 50 कृषि सखियो का प्रशिक्षण परियोजना संचालक आत्मा कार्यालय में आयोजित किया गई। प्रशिक्षण के दौरान कृषि सखियों को योजना अंतर्गत उनके दायित्वो से अवगत करा गया तथा प्राकृतिक खेती अंतर्गत क्लस्टर मे किये जाने वाले कार्यों की जानकारी प्रदाय की गई।

अधिकारियों ने इसके साथ ही कृषि सखियों को बीजोपचार, बीजामृत, जीवामृत बनाने की विधि, मिटटी परीक्षण हेतु नमूना लेने आदि के संबंध मे जानकारी प्रदाय की गई। प्रशिक्षण में उप संचालक कृषि श्री अशोक कुमार शर्मा, परियोजना संचालक आत्मा टीकमगढ़ भरत राजवंशी, अनुविभागीय अधिकारी प्रतिभा दुबे, अनिल कुमार साहू, उमाशंकर सिंह यादव, अशोक कुमार कुम्हार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।